दूरभाष/TEL : 26962819, 26567373
(EPABX) : 26565694, 26562133
: 26565687, 26562144
: 26562134, 26562122
फैक्स/FAX : 26960629, 26529745
Website : http:/www.dsir.gov.in

सूचना का अधिकार
RIGHT TO INFORMATION

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग
टेक्नोलॉजी भवन, नया महरौली मार्ग,
नई दिल्ली - 110016
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY
Department of Scientific and Industrial Research
Technology Bhavan, New Mehrauli Road,
New Delhi - 110016

फा.सं. आरडीआई/रिन्यू. इन-हाउस आरएंडडी/(1)/2021

दिनांक: 20.01.2021

**(ध्यानाकर्षण: अध्यक्ष/ प्रबन्ध निदेशक)**

**विषय: संस्थागत अनुसंधान एवं विकास इकाई/इकाईयों की मान्यता का 31.03.2021 से आगे नवीकरण**

प्रिय महोदय/महोदया,

हमारे रिकॉर्ड के अनुसार, आपकी संस्थागत अनुसंधान एवं विकास इकाई को मंजूर की गई मान्यता/मान्यता का नवीकरण **31 मार्च, 2021** तक के लिए वैध है। मान्यता के नियम तथा शर्तों के अनुसार, मान्यता के नवीकरण के लिए आवेदन, वैध मान्यता की अवधि समाप्त होने के तीन माह पहले प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है। डीएसआईआर ने अनुसंधान एवं विकास केंद्रों की मान्यता का नवीकरण **31/03/2021** से आगे किए जाने की प्रक्रिया आरम्भ कर दी है। चूंकि फिलहाल आवेदनों को ऑनलाईन प्रस्तुत किए जाने की सुविधा उपलब्ध नहीं है, इसलिए कम्पनियों से अनुरोध है कि वे **http://www.dsir.gov.in/files/12plan/bird-crf/rdi_af_blank.pdf** पर उपलब्ध प्रोफॉर्मा के अनुसार आवेदन का एक सेट ऑफलाइन प्रस्तुत करें जो कम्पनी के प्रबंध निदेशक/निदेशक मंडल के सदस्य द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित हो और इसके साथ एक सह-पत्र भी प्रस्तुत करें, जिसमें यह उल्लेख किया जाए कि आप वेबसाईट के चालू होने पर ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर देंगे, जो **डॉ. पी.के. दत्ता, वैज्ञानिक 'एफ' एवं अध्यक्ष, आरडीआई, डीएसआईआर, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, टेक्नोलॉजी भवन, नया मेहरौली मार्ग, नई दिल्ली-110016** को **'स्पीड पोस्ट'** द्वारा 31 जनवरी, 2021 से पहले पहुंच जाए।

2. इस आवेदन की हार्ड कॉपी के साथ, कम्पनी को चेक लिस्ट में यथा-उल्लिखित आवश्यक अनुलग्नकों और दस्तावेजों सहित, भरी गई चेक लिस्ट (परिशिष्ट-I) सह-पत्र के साथ प्रस्तुत करना होगा। यदि कम्पनी की उसी मान्यता-पत्र/संख्या के अधीन एक से अधिक मान्यताप्राप्त आर एंड डी इकाइयाँ हैं तो प्रत्येक इकाई के लिए आवेदन का **पृथक भाग-बी** प्रस्तुत किया जाना होगा।

3. कम्पनी को आवेदन की हार्ड कॉपी के साथ, नवीकरण आवेदन की सॉफ्ट कॉपी तथा डेटा शीट (परिशिष्ट-II) पेन-ड्राइव में प्रस्तुत करना होगा। सभी दस्तावेज ई-मेल से 'डॉ. प्रभात कुमार दत्ता' को pkdutta@nic.in पर तथा उसकी प्रति डॉ. सारिका मदान को sarika.madan@nic.in भी भिजवाई जाए।

4. जो कम्पनियाँ **"नए अतिरिक्त अनुसंधान एवं विकास केन्द्र"** की मान्यता चाहती हैं, वे ऐसे अनुसंधान एवं विकास केंद्र का विवरण उस अनुसंधान एवं विकास केन्द्रों के विवरण के साथ ही उपलब्ध कराएं जिनका 31/03/2021 से आगे नवीकरण किया जाना है। तथापि, ऐसे मामले में यह सुनिश्चित किया जाए कि कम्पनी अपने प्रबन्ध निदेशक/निदेशक मंडल के सदस्य द्वारा हस्ताक्षरित आवेदन की हार्ड कॉपी, अपलोड किए गए सभी अनुलग्नकों सहित, दो सेटों में डीएसआईआर को अवश्य भेजें। **अलग-अलग सह-पत्रों** के साथ एक सेट "मान्यता के नवीकरण" के लिए अनुरोध तथा दूसरा सेट 'नए अनुसंधान एवं विकास केन्द्र की मान्यता' के लिए अनुरोध वाला हो। आवेदन की हार्ड कॉपियों के ये दोनों सेट **डॉ. पी.के. दत्ता, वैज्ञानिक 'एफ' एवं अध्यक्ष, आरडीआई,** वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, टेक्नोलॉजी भवन, नई दिल्ली-110016 को भिजवाए जाएँ।

प्रभात कुमार दत्ता

**(डॉ. पी.के. दत्ता)**
**वैज्ञानिक 'एफ' एवं अध्यक्ष, आरडीआई**

परिशिष्ट-I

## कंपनियों की संस्थागत आर एंड डी इकाई/इकाईयों की मान्यता के नवीकरण के लिए आवेदन हेतु चेक लिस्ट

| | आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज | कृपया टिक करें अथवा लागू नहीं लिखें |
|---|---|---|
| 1. | मान्यता के नवीकरण के लिए आवेदन किए गए आर एंड डी इकाइयों के नाम और डीएसआईआर मान्यता संख्या का उल्लेख करते हुए आवेदन के उद्देश्य से सह-पत्र | |
| 2. | विधिवत हस्ताक्षरित आवेदन फॉर्म का भाग-ए और भाग-बी (मान्यता के नवीनीकरण के लिए अपेक्षित प्रत्येक आर एंड डी इकाई के लिए अलग भाग-बी) | |
| 3. | पिछली मान्यता/पंजीकरण पत्र की प्रति | |
| 4. | पैन कार्ड की प्रति | |
| 5. | आर एंड डी सुविधा/सुविधाओं का लेआउट, वीडियो और फोटोग्राफ्स | |
| 6. | संपादन-योग्य एमएस वर्ड (हार्ड कॉपी और सॉफ्ट कॉपी) में भरा गया डेटा शीट | |
| 7. | नवीनतम लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण/वार्षिक रिपोर्ट | |
| 8. | चालू एवं प्रस्तावित अनुसंधान गतिविधियों का उल्लेख करते हुए, आर एंड डी गतिविधियों पर टिप्पणी और पिछली उपलब्धियों/पूर्ण किए गए अनुसंधान का विवरण | |
| 9. | आर एंड डी इकाई में कार्यरत उपकरणों और वैज्ञानिक कार्मिकों का विवरण | |
| 10. | इस आशय से एक पृष्ठ का आलेख कि मान्यता ने आपके आर एंड डी निष्पादन और व्यवसाय में कैसे सहायता की | |
| 11. | कंपनी के नाम और पंजीकृत पते में किसी तरह के परिवर्तन का समर्थन करने वाले दस्तावेज | |
| 12. | मान्यताप्राप्त आर एंड डी इकाई/इकाईयों को स्थानांतरित किए जाने अथवा बंद करने का समर्थन करने वाले दस्तावेज | |

**ध्यान दें:**

1. आवेदन या चेक लिस्ट में कोई भी कॉलम खाली नहीं छोड़ा जाना है।
2. विलंब से प्रस्तुत करने, अपूर्ण या गलत आवेदन करने के कारण किसी भी देरी के लिए विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।
3. कृपया मूल रूप से हस्ताक्षरित और मुहर लगे एकल सेट में आवेदन की हार्ड कॉपी के साथ, पेन ड्राइव में नवीकरण आवेदन, संलग्नक और उपरोक्त आवश्यक दस्तावेजों की सॉफ्ट कॉपी जमा करें।
4. यदि कंपनी के पास उसी मान्यता-पत्र/संख्या के तहत एक से अधिक मान्यताप्राप्त आर एंड डी इकाई हैं, तो प्रत्येक इकाई के लिए आवेदन का अलग भाग-बी प्रस्तुत किया जाना है।

परिशिष्ट-II

**आवेदन के साथ, भरे हुए डेटा शीट की सॉफ्ट कॉपी संपादन-योग्य एमएस वर्ड फॉर्मेट में प्रस्तुत की जानी चाहिए (या तो इसे मेल करें या पेन ड्राइव में जमा करें)**

**<u>सं. टीयू/IV –आरडी/मान्यता सं./2021</u>**

**<u>वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग</u>**

विषय: मैसर्स **कंपनी का नाम**, **प्रधान कार्यालय का पता** के संस्थागत आर एंड डी सेंटर को 31.3.2021 से आगे मान्यता के नवीकरण के लिए आवेदन।

1. यह **<कंपनी का स्वरूप अर्थात लिमिटेड/प्राइवेट लिमिटेड/पब्लिक सेक्टर>** है जो **व्यवसाय की प्रकृति** से जुड़ी है, **नवीकरण आवेदन का पैरा 5, भाग -ए देखें।**

2. फर्म का सालाना कारोबार

| **अवधि** | **(लाख रुपए में)** |
|---|---|
| **वर्ष 2018-19** | <--------> |
| **वर्ष 2017-18** | <--------> |
| **वर्ष 2016-17** | <--------> |

इसमें <**कंपनी की कुल जनशक्ति पैरा-13, भाग-ए देखें** > जिसके कार्मिक <**कंपनी की कुल वैज्ञानिक जनशक्ति, पैरा-13 ए, भाग-ए देखें** > वैज्ञानिक और तकनीकी जनशक्ति है।

3. **<इकाई का पता> (प्रत्येक आर एंड डी इकाई के लिए भरा जाए)**

**<आर एंड डी इकाई का पता, पैरा -01, भाग-बी देखें>** पर स्थित आर एंड डी केंद्र को **<प्रारंभिक मान्यता का वर्ष>** में दी गई थी और वर्तमान मान्यता तक 31.03.2020 तक वैध है और मान्यता में कोई विराम नहीं है। आर एंड डी केंद्र का फैक्ट्री परिसर के **<अंदर/ बाहर/अलग>** स्थित होना बताया जाता है और उत्पादन एवं गुणवत्ता जांच से **<अलग/अलग नहीं>** है और फर्म आर एंड डी के लिए खातों का **<अलग/अलग नहीं>** रखरखाव कर रही है।

4. आर एंड डी की गतिविधियों की देखभाल एक पूर्णकालिक आर एंड डी प्रमुख **<आर एंड डी प्रमुख का पदनाम और योग्यता>** द्वारा की जाती है। आर एंड डी जनशक्ति **< आर एंड डी में लगी कुल जनशक्ति, पैरा -21, भाग-बी देखें >** (पूर्णकालिक) है। पूर्णकालिक आर एंड डी जनशक्ति में **<डॉक्टरेट की संख्या>** डॉक्टरेट, **< मास्टर डिग्री धारक की संख्या>** मास्टर डिग्री धारक, **<स्नातकों की संख्या>** स्नातक, **<डिप्लोमाधारकों की संख्या>** डिप्लोमाधारक और **<अन्य योग्यताधारी>** अन्य शामिल हैं।

5. उनका आर एंड डी व्यय वर्ष 2018-19 के दौरान **< वर्ष 2018-19 के लिए कुल आर एंड डी व्यय, पैरा -17, भाग-बी देखें>** लाख रुपए, वर्ष 2017-18 के दौरान **<वर्ष 2017-18 के लिए कुल आर एंड डी व्यय, पैरा -17, भाग-बी देखें>** लाख रुपए तथा वर्ष 2016-17 के दौरान **<वर्ष 2016-17 के लिए कुल आर एंड डी व्यय, पैरा 17, भाग-बी देखें >** लाख रुपए बताया गया है।

6. समीक्षाधीन अवधि के दौरान, उन्होंने पिछले 3 वर्षों के दौरान <नवीकरणीय अवधि के दौरान कंपनी द्वारा विकसित नए उत्पाद, **पैरा -11 ए, भाग-बी देखें >** जैसे नए उत्पाद तैयार किए हैं। समीक्षाधीन अवधि के दौरान, उन्होंने पिछले 3 वर्षों के दौरान <नवीकरणीय अवधि के दौरान कंपनी द्वारा विकसित नई प्रक्रियाएँ, **पैरा -11 बी, भाग-बी देखें >** जैसी नई प्रक्रियाएँ विकसित की हैं। उन्होंने पिछले 3 वर्षों के दौरान मौजूदा उत्पादन प्रक्रिया में <नवीकरणीय अवधि के दौरान कंपनी द्वारा मौजूदा उत्पादन प्रक्रिया में सुधार, **पैरा -11 सी, भाग-बी देखें >** सुधार किया है। कंपनी के पास अगले 3 वर्षों के लिए <संख्या और सूची> क्रमश: नए चालू और प्रस्तावित कार्यक्रम हैं।